**UPJS100006992019**

# न्यायालय सिविल जज ( सी०डि०) / ए०सी०जे०एम० , गरौठा , जनपद- झाँसी ।

**परिवाद संख्या- 33/ 2019**

**श्रीमती पार्वती बनाम तारा सिंह आदि ।**

**थाना- ककरबई , जिला- झाँसी ।**

**दिनांक- 30. 07. 2026**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर परिवादिनी अनुपस्थित। परिवादिनी के विद्वान अधिवक्ता अनुपस्थित। परिवादिनी द्वारा न ही कोई मौका प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। पत्रावली तलबी बहस हेतु विगत कई तिथियों से नियत है। तलबी बहस हेतु परिवादिनी को कई अवसर प्रदान किये गये हैं परन्तु परिवादिनी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं आ रही है। आज भी कई बार पुकारे जाने पर परिवादिनी उपस्थित नहीं आयी, न ही परिवादिनी के अधिवक्ता उपस्थित आये। परिवादिनी की अनुपस्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि परिवादिनी को यह परिवाद चलाने में कोई विशेष रूचि नहीं रह गयी। परिवाद को अनावश्यक लम्बित रखने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं हो रहा है। अतः यह परिवाद परिवादिनी की अनुपस्थिति व बल न दिये जाने के कारण खारिज किये जाने योग्य है।

**आदेश**

**परिवाद संख्या- 33/ 2019 , श्रीमती पार्वती बनाम तारा सिंह आदि** खारिज किया जाता है।

पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

**( मयंक प्रकाश)**
**सिविल जज ( सी०डि०) / ए. सी. जे. एम.**
**गरौठा , जनपद- झाँसी ।**
J. O. Code- UP2293

Digitally signed by MAYANK PRAKASH
Date: 2026.07.30 16:53:15 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court